Publication: Voice of Lucknow	Page No: 14
Edition: National	Date: 15-07-2024

वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच

बीमा से वित्त और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना जरूरी

नई दिल्ली। आईएमआरसी ग्रुप द्वारा हाल में जारी रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हेल्थ और वेलनेस मार्केट में 2023-2028 के दौरान 5.55 फीसद की सीएजीआर दर से वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अलावा भारत में युवा और कामकाजी लोगों की काफी बड़ी आबादी युवा है और 55 फीसद आबादी 20-59 वर्ष के कामकाजी आयु वर्ग में आती है। ये इंश्योरेंस इंडस्ट्री के लिये एक बहुत बड़ा बाजार है। लाइफ इंश्योरेंस की भूमिका सिर्फ वित्तीय कवरेज या अचानक मृत्यु की स्थिति में एकमुश्त भुगतान करने से कहीं ज्यादा है। यह लोगों के जीवन में एक बड़ी भूमिका निभाता है। इंश्योरेंस कंपनियां ग्राहकों के बारे में अपने नजरिए को उनकी खास जरूरतों और परिस्थितियों के आधार पर विकसित कर रही हैं। यह बदलाव काफी अहम है। ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक विकल्पों और इंटीग्रेटेड वेलनेस प्रोग्रामों की एक सीरीज पेशकश करके, इंश्योरेंस कंपनियां पॉलिसीधारकों को उनकी जीवनशैली के मुताबिक कवरेज प्रदान करती हैं, जिससे केवल खास ट्रिगर्स या घटनाओं पर फोकस करने के बजाय ग्राहकों की संपूर्ण सेहत को बढ़ावा मिलता है।